हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 10 अगस्त 2025

04 सड़क किनारे सरिए से भरे ट्रक में जा घुसे बाइक सवार...



07 संस्कृत सनातन धर्म की जननी, भारतीय ...





### भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व धूम-धाम से मनाया गया

# बहनों ने बांधा भाई की कलाई पर प्यार भाई ने दिया रक्षा का वचन व उपहार








हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भाई बहन के अटूट स्नेह के प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार नगर सहित अंचल के ग्रामों में शनिवार को बड़े धूम-धाम से मनाया गया। घर- घर में बहनों ने अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलाई व आरती उतारते हुए रक्षा का वचन भाई से लिया।वहीं बहनों द्वारा अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामनाएं की गई।इस दौरान भाइयो ने भी अपनी बहनो को कई उपहार भेंट किये। रक्षाबंधन के पर्व को लेकर सुबह से देर शाम तक बाजारो में खासी रोनक छाई रही मिठाई, साड़ी , कपडे , आभूषण व उपहार की दुकानो पर भीड़ लगी रही तथा लोगो ने जमकर खरीददारी की।बढ़ती मंहगाई के बावजुद इस पर्व को लेकर छोटे बच्चो से लगाकर बडे तक में खासा उत्साह देखा गया । इस बार रक्षा सूत्र बांधने का मुहूर्त प्रातः काल से ही प्रारंभ हो गया था लेकिन अधिकांश घरों पर दोपहर 1.30 से रात्रि 8.30 तक श्रेष्ठ मुहूर्त में बहनो द्वारा भाईयो की कलाई पर रक्षा सूत्र बॉधने का सिलसिला चलता रहा।

### भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाकर आरती उतारी



बहनो ने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाकर आरती उतारी व मुंह मीठा करवाया व उन्हे श्रीफल व मिठाई भेट की। इसी के साथ अपनी भाभी व ननद को भी राखी बांधी गई रक्षा बंधन पर्व पर नगर के विभिन्न मंदिरो में भी भक्तो ने भगवान को राखी भेट की नगर के प्राचीन श्री बडा गणेश मंदिर पर भी भगवान गजानंद को भक्तो व मंदिर पूजारी द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया वही प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर,श्री नाथ धाम मंदिर, मां बगलामुखी माता मंदिर पर भी पुजारी परिवार द्वारा माता रानी के समक्ष शगुन की राखी (रेशम की डोर ) रखी गई साथ ही अन्य मंदिरों में भक्तो द्वारा भगवान को राखी भेंट कर परिवार में सुख समृद्धि खुशहाली की कामना की गई।



### प्रभातफेरी मंडल के सदस्यों ने रक्षाबंधन मनाया




**नलखेड़ा।** नगर में प्रतिदिन श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा सूर्योदय के पूर्व नगर में प्रभातफेरी निकाली जा रही है जिसमें मंडल के सदस्यों द्वारा रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। नगर में अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त प्रारम्भ हुई प्रभातफेरी अनवरत निकाली जा जारी है। शनिवार को रक्षाबंधन पर्व पर मंडल के सदस्यों द्वारा रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया जिसके अंतर्गत मंडल के सदस्यों द्वारा एक दूसरे की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा जाकर रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।

### रक्षा बंधन महापर्व व मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया



**नलखेड़ा।** श्री 1008 सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान पूज्य गुरु देव गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी एवं 108 विश्व नायक महाराज ससंघ के सानिध्य में भव्य रक्षा बंधन महापर्व एवं देवाधिदेव 1008 श्री श्रेयांस नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। शनिवार को ही मंदिर में लड्डू सजाओ एवं राखी सजाओ प्रतियोगिता भी रखी गई है। इसमें मुनि श्री द्वारा प्रथम द्वतीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए। शनिवार को सर्वप्रथम मूल नायक भगवान का अभिषेक हुआ एवं शांति धारा की गई। जिसमें प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य अहमदाबाद से आए अशोक जैन ने लिया दूसरी शांति धारा करने का सौभाग्य संतोष विकास सोगानी परिवार ने लिया। नित्य नियम पूजन की गई एवं निर्वाण लाडू की बोली लगाई गई। सर्वाधिक बोली लगाकर यह सौभाग्य भी अहमदाबाद से आए अशोक जैन ने लिया। गुरुदेव के अमृत प्रवचन के पश्चात निर्वाण कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत निर्वाण लाडू प्रभु के समक्ष चढ़ाया गया। लड्डू सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अंशिका चेलावत को प्राप्त हुआ और राखी सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रानी विपिन जैन को प्राप्त हुआ।

### चौबीसी का कार्यक्रम होगा प्रारंभ

## महामृत्युंजय तप अनुमोदनार्थ रत्नत्रय महोत्सव आज से

◆ परमात्मा की रथ यात्रा, तपस्वियों की निकाली जाएगी शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

महिदपुर नगर की धर्मधारा पर श्वेतांबर जैन समाज के चल रहे चातुर्मास के दौरान प्रखर व्याख्यात्रि,चंदनबाला महाराज साहब की पावन निश्रा मैं विभिन्न धर्म आराधना चल रही है। तपस्या की लड़ी में पूजा अर्पित चोपड़ा की महामृत्युंजय तप अनुमोदनार्थ चोपड़ा परिवार द्वारा रत्नत्रय महोत्सव कार्यक्रम रविवार से प्रारंभ होगा। धार्मिक आयोजन के तहत मंगलवार को परमात्मा की रथ यात्रा एवं विभिन्न तप आराधना करने वाले तपस्वियों की शोभा यात्रा निकाली जावेगी। जैन श्वेतांबर समाज के राजेंद्र सकलेचा ने बताया कि महिदपुर नगर की धन्य धरा पर इस वर्ष विचक्षण ज्योति, प्रज्ञा भारती, महामांगलिक प्रदात्री, प्रवर्तिनी महोदया श्री चंद्रप्रभा श्री जी की विदुषी शिष्या प्रखर व्याख्यात्रि गुरुवर्या चंदनबाला महाराज साहब आदि ठाणा 05 की पावन प्रेरणा व निश्रा में समाज में महामृत्युंजय तप (31उपवास) के साथ 65 आराधकों द्वारा विभिन्न तप आराधना की जारही है। समाज के प्रतिष्ठित चोपड़ा परिवार की पुत्रवधू पूजा अर्पित चोपड़ा द्वारा 31 दिवस की कठोर महामृत्युंजय तप की तपस्या 12 अगस्त को पूर्ण होने पर चोपड़ा परिवार द्वारा तीन दिवसीय रत्नत्रय महोत्सव का आयोजन 10 अगस्त से प्रारंभ होगा।


#### महिला व युवा मंडल प्रस्तुतियां देंगे

रथ यात्रा में विभिन्न महिला मंडलों के साथ युवा मंडलों द्वारा भी प्रस्तुतियां दी जावेगी। रथ यात्रा में 25 से अधिक सुसज्जित बग्गी शामिल रहेगी जिस पर तपस्वियों को बिठाया जाएगा। प्रमुख मार्गो से रथ यात्रा दादावाड़ी परिसर पर पहुंचेगी जहां पर धर्म सभा के साथ सभी तपस्वियों का बहुमान श्री संघ महिदपुर के साथ समाजजनों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम भी दादावाड़ी परिसर में होगा। तीन दिवसीय इस धार्मिक आयोजन के संपूर्ण लाभार्थी जयचंद रखबचंद चोपड़ा परिवार रहेगा।

### तपस्या के निमित्त चौबीसी का कार्यक्रम होगा

तपस्वियों के परिवारजनों द्वारा प्रतिदिन जैन आराधना भवन में चौबीसी का कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा भाग लेकर तपस्या तथा प्रभु भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जारही है। रविवार को दोपहर 2:00 बजे चौबीसी का कार्यक्रम खरतर गच्छ आराधना भवन असाड़ी गली महिदपुर पर रखा गया है। 11 अगस्त को चौबीसी दोपहर 1 बजे रखी गई है। वहीं रात्रि 7:30 बजे भक्ति संध्या का कार्यक्रम होगा। जिसमें सिंगर चिराग चोपड़ा, गौतम बारिया टीम सीसीबी प्रोडक्शन जावरा द्वारा प्रस्तुति दी जावेगी। 12 अगस्त मंगलवार को प्रातः 7:00 बजे दादावाड़ी परिसर पर नवकारसी का कार्यक्रम होगा तत्पश्चात परमात्मा की भव्याति भव्य रथ यात्रा एवं तपस्वियों की शोभायात्रा अजय चोपड़ा (सेठबा) के निवास स्थान राजेंद्र मार्ग महिदपुर से निकाली जाएगी।

## कोतवाली आवासीय परिसर सीहोर स्थित प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार



**सीहोर।** शुक्रवार को संत दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के संरक्षण में सीहोर शहर के वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय एवं रूद्रप्रकाश राठौर के सहयोग से मंदिर की छत निर्माण का कार्य कराया गया है। मंदिर जीर्णोद्धार के अगले क्रम में आगामी कार्य हेतु आप सभी नगर वासियों एवं धर्म प्रेमियों से सहयोग की अपेक्षा है। संत कटारे बाबा ने कहाकि शहर में अनेक मंदिर के जीर्णोद्धार के कार्य जनसहयोग से तेजी से कराए जा रहे है। कोतवाली आवासीय परिसर में प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण होने वाला है। संत श्री कटारे बाबा ने यहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं से भगवान श्रीराम के भक्त हनुमान के विषय में चर्चा करते हुए कहाकि हनुमान जी को भगवान श्री राम के परम भक्त के रूप में जाने जाते हैं। कहा जाता है कि हनुमान जी का नाम सुनते ही सभी प्रकार के दुःख, दर्द स्वयं ही दूर हो जाते हैं। ऐसे में आज हम आपको हनुमान जी के पंचमुखी अवतार के पांच मुखों का महत्व बताने जा रहे हैं। हनुमान जी की इन पांच अंको की दिशा अलग-अलग दिशाओं में है और इन सभी का अपना एक विशेष महत्व भी है।

### 520 बच्चों का किया गया टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 08 अगस्त को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 311 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 209 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 43 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### एनजीओ प्रतिनिधियों, हितधारकों और अधिकारियों से जिपं सीईओ ने की चर्चा

## जिले में कौशल विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में कौशल और रोजगार के बीच मौजूदा अंतर को पहचानने, उसका समाधान ढूंढने और ग्रामीण युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु विविध हितधारकों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में "मिशन उद्यम आरंभ" अन्तर्गत उद्यम एवं रोजगार संबंधी बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा द्वारा अनेक औद्योगिक प्रतिनिधियों, सरकारी हितधारक, एनजीओ एवं बैंक के प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से कौशल विकास और रोजगार संबंधी अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिले में मौजूदा कौशल अंतर की पहचान, सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों (जैसे आईटीआई, आरएसईटीआई) की क्षमता को रोजगार की मांग से जोड़ने की रणनीतियों तथा जिले में रोजगार के लिए संयुक्त रणनीति बनाने संबंधी अनेक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी हितधारकों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे युवा कौशल विकास एवं स्थानीय उद्योगों के बीच साझेदारी को मजबूत कर रोजगार तथा उद्यमिता के रास्ते खोलने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



### चातुर्मास के दौरान चल रहे धार्मिक प्रवचन

## धन के पीछे मत भागो-धर्म के पीछे भागो: गणधर मुनि 108 विवर्धन सागर

**नलखेड़ा।** कुदेवों के प्रति श्रद्धा रखने से भव भ्रमण नहीं मिटेगा। लेकिन देवाधिदेव जो अपने कर्मों का क्षय कर सिद्ध शिला पर विराजमान हो गए है, संसार के आवागमन से मुक्त हो गए हैं। उनके प्रति श्रद्धा धारण करना चाहिए। दुर्लभ मनुष्य जन्म मिला है, इसे सफल करने के लिए धर्म के पीछे भागों,धन के पीछे मत भागो। धर्म आराधना करने में हमें आगे रहना चाहिए ताकि यहां मानव जन्म मिलना सफल हो जाए। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित गणाचार्य श्री 1008 विरागसागर महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही मुनि श्री ने कहाकि सम्यक दर्शन मूढ़ता रहित होना चाहिए सम्यक दर्शन में इसे अमूढ़ दृष्टि अंग कहा जाता है लौकिक दृष्टि की अमूढ़ता तो सभी जानते हैं। लोक में तो हम मूढ़ता रहित होकर अनेक कार्य कर लिए। लेकिन परमार्थ की ओर हमने कभी उपयोग नहीं लगाया।

### भवनवासी, व्यंतर, ज्योतिष, विमानवासी यह चार प्रकार के देव होते हैं

मुनि श्री ने मिथ्यात्व के विषय में बताते हुए कहा कि इसमें देवमूढ़ता, पाखंड मूढ़ता होती है। देवमूढ़ता के अंतर्गत व्यक्ति भगवान से भीख मांगता है जो वितरागी, सर्वज्ञ और हितोपदेशी है वही देव है। देव भी जिनकी पूजा अर्चना करते हैं उन्हें देवाधिदेव कहते हैं। उन्होंने कहा कि चार गति के देव पाए जाते हैं। भवनवासी, व्यंतर, ज्योतिष, विमानवासी यह चार प्रकार के देव होते हैं। व्यंतरवासी देव कहीं भी अपना स्थान बना लेते हैं। इनका अनादर होने पर यह भी क्रोध करते हैं। कभी-कभी दूसरों के शरीर में आकर उसे परेशान भी करने लगते हैं। मुनि श्री ने बताया कि मंदिर में प्रवेश के समय निःसही बोला जाता है इसका अर्थ विभाव परिणति को त्याग कर स्वभाव परिणीति को प्राप्त करना है। प्राचीन मंदिरों में देव भी पूजा करने आते हैं इसीलिए हम उनसे रास्ता मांगने के लिए निःसही बोलते हैं। जो देवाधिदेव नहीं है उनको देवाधिदेव के समान पूजना मिथ्यात्व है। सम्मान तो उनको दे सकते हैं, लेकिन पूजा नहीं कर सकते। मुनिश्री ने कहाकि अज्ञानी होकर कुदेवों की पूजा करना ही देवमूढ़ता है। हमारा मकान बन जाएगा, पुत्र हो जाएगा, धन प्राप्त हो जाएगा। ऐसी आकांक्षा से कुदेवों की पूजा नहीं करना चाहिए। दिग्भ्रांतियो से देव न होते हुए भी देव मानना अदेव होते हैं।

### 24 तीर्थंकरों के 24 देव होते हैं यह चौथे गुण स्थानी है

जबकि सम्यक दृष्टि देवों को देव की संज्ञा दी गई है। 24 तीर्थंकरों के 24 देव होते हैं यह चौथे गुण स्थानी है इसीलिए श्रावक के समान आदर करना पूर्व से स्थापित होने पर उनको निकालने का प्रयास नहीं करना चाहिए। मुनिश्री ने देवाधिदेव के बारे में बताते हुए कहा कि इसके अंतर्गत वितरागी, सर्वज्ञ,हितोपदेशी तीर्थंकर आदि आते हैं। अपने ज्ञान और विवेक से हमें देवाधिदेव के पास ही जाना चाहिए। कुदेवों के प्रति श्रद्धा रखने से भव भ्रमण नहीं मिटेगा। लेकिन देवाधिदेव जो अपने कर्मों का क्षय कर सिद्ध शिला पर विराजमान हो गए है, संसार के आवागमन से मुक्त हो गए हैं। उनके प्रति श्रद्धा धारण करना चाहिए। उन्होंने लोकमूढ़ता के बारे में कहा कि ऐसा मानना की नदी, सागर में स्नान करने से पाप धुल जाएंगे लोकमूढ़ता है। पांडव और कृष्ण के दृष्टांत के माध्यम से बताते हुए कहा कि तुमड़ी को कितनी भी बार नदी में स्नान कराने से उसकी कड़वाहट काम नहीं होती है। लौकिक नदी में तो हमने कई बार स्नान किया लेकिन हमारे पाप नहीं धुलते हैं।आत्मा में डुबकी लगाने से ही हमारा उद्धार होगा। यही मूढ़ता ही लोकमूढ़ता है। प्राचीन समय में सती प्रथा थी जो कि वहां भी लोकमूढ़ता होती है। रत्नत्रय से ही परंपरा से निर्वाण को प्राप्त कर सकते हैं। सीता के शील में शक्ति थी इसीलिए अग्नि भी जल कुंड बन जाता है।

**खबर संक्षेप**

### श्री मनकामनेश्वर महादेव की मंदिर शाही सवारी और भंडारा 11 को

**देवास।** पुराना बस स्टेंड स्थित प्राचीन कालीन श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर की भव्य शाही सवारी भादो मास के प्रथम सोमवार को मोदी परिवार के तत्वावधान में धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। आयोजक ममता कुलदीप मोदी एवं पार्षद दिव्या नितिन आहूजा ने बताया कि शहर के श्री मनकामनेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी 11 अगस्त, सोमवार को स्थानीय पुराना बस स्टेण्ड स्थित श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से शाम 5.30 बजे से धूमधाम से निकलेगी। सर्वप्रथम श्री मनकामनेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर महाआरती होगी। तत्पश्चात शाही सवारी प्रारंभ होगी। शाही सवारी में पालकी में विराजित प्राचीन प्राण प्रतिष्ठित श्री मनकामनेश्वर महादेव का मुखोटा, बैण्ड, बच्चों की झांकी, घोड़े, ढोल, भजन मण्डली आदि आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। सवारी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर कवि कालिदास मार्ग, नयापुरा, शालिनी रोड़, जनता बैंक चौराहा, सुभाष चौक, तहसील चौराहा, नगर निगम, एबी रोड़, पीठा रोड़, तीन बत्ती चौराहा होते हुए मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। जहां भगवान मनकामनेश्वर महादेव की महाआरती के बाद सवारी का समापन होगा। तत्पश्चात विशाल भंडार होगा। मनकामनेश्वर महादेव की शाही सवारी का लाभ लेने की अपील कमला बाई मोदी, उमा पंडित, रमा बंसल, सारिका मोदी, मधु व्यास, अर्चना व्यास, पूजा व्यास, हीरामणि शर्मा, मोहन अग्रवाल, एड. पं. प्रशांत शर्मा, अशोक जोशी, गोपाल पंडित, किशोर पंडित, सत्यनारायण विजयवर्गीय, योगेश पंडित, विजय व्यास, अजय व्यास, दीपेश व्यास, रितिक जोशी, राजेन्द्र जैन, पं. राम शर्मा, निशामणि शर्मा, आशीष शास्त्री, विनोद शर्मा, राजेन्द्र श्र्मा, विजय शर्मा, आशीष शर्मा, आकाश चौकसे, कालू, हेमंत, आशीष देवलिया आदि ने की है।

### जिले के चापड़ा-बागली मार्ग पर शुक्रवार देर रात हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

# सड़क किनारे सरिए से भरे ट्रक में जा घुसे बाइक सवार, सरिया घुसने से दो की मौत

हादसा इतना दर्दनाक था कि सरिया घुस जाने के कारण बाइक सवार का हाथ कटकर अलग हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



जिले के चापड़ा-बागली मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे खड़े सरियों से लदे मिनी ट्रक से टकरा गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, मुकेश पिता मोहनलाल (40) और लोकेश पिता जयपाल (26), दोनों निवासी निमलाय, शनिवार रात बाइक से चापड़ा से बागली की ओर जा रहे थे। रास्ते में अंधेरा होने के कारण बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े एक मिनी ट्रक से जा टकराई, जिसमें सरिए भरे हुए थे।पुलिस ने मिनी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रक बिना किसी चेतावनी संकेत के सड़क किनारे खड़ा था, जिससे यह दुर्घटना हुई। हादसे के बाद से गांव में शोक का माहौल है। परिजनों ने ट्रक चालक पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया ने बताया कि लोकेश गोंड एवं मुकेश कौरकू निवासी निमलाय सतवास थाना चापडा से बागली कि ओर जा रहे थे।

इसी दौरान मार्ग पर स्थित मोटा बेड़ा स्थल पर सड़क पर एक लोडिंग वाहन खड़ा था, जिसमें सरिया भरा हुआ था। रात्रि होने के कारण बाइक चालक उक्त वाहन को नहीं देख पाए और पीछे से वाहन में टकरा गए।टक्कर इतनी भयानक थी कि एक व्यक्ति के सामने से शरीर में सरिया घुस गया, जिसके कारण उसका एक हाथ का हिस्सा शरीर से अलग ही



हो गया और उक्त हिस्सा सरिया में फंसा हुआ रह गया। इस दौरान दोनों बाइक चालक घटना स्थल से लगभग 10 से 15 फीट दूर मिले। जिसमें दोनों की ही मौत हो गई, सूचना मिलने पर डायल हंड्रेड चापड़ा एवं पुलिस मौके पर पहुंची। इसके पश्चात सरियों में फंसे शरीर के हिस्से को बाहर निकाल



कर शव को शासकीय अस्पताल बागली ले जाया गया। घटना स्थल पर जिसने भी इस हादसे को देखा उसके रोंगटे खड़े हो गए। शव का पीएम का परिजनों के सुपुर्द किया गया। प्रभारी राकेश नरवरिया ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है।

# पुलिस की दबिश में अवैध देशी शराब की गई जब्त

### ऑपरेशन प्रहार के तहत हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुखबिर सूचना के आधार पर देवास पुलिस ने दबिश देकर 54 लीटर अवैध देशी शराब कीमती 24,000/- रुपये एवं 01 दो पहिया वाहन कीमत करीबन 20,000/- रुपये कुल 44,000/- हजार रुपये का मश्रुका जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। जिले में "ऑपरेशन प्रहार" के तहत अवैध शराब संबंधी अपराध में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम ने 09 अगस्त को चौकी प्रभारी चौबाराधीरा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम भुतिया बुजुर्ग तरफ जा रहा है, जिस पर पीलपरावा थाना प्रभारी सुबोध गौतम एवं चौकी प्रभारी चौबाराधीरा राकेश चौहान तत्काल मय फोर्स के मुखबिर द्वारा बताये स्थान भुतिया बुजुर्ग तरफ जाने वाले रास्ते पर पहुंचे । जहां पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी अर्जुन पिता बाबुलाल गुर्जर उम्र 30 साल निवासी ग्राम रेहटी थाना पीपलरावां के कब्जे से कुल 54 लीटर देशी शराब कीमती 24,000/- रुपये एवं 01 दो पहिया वाहन कीमती 20,000/- हजार रुपये कुल 44,000/- रुपये का मश्रुका जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना पीपलरावां में अपराध क्रमांक 268/2025 धारा 34(2) अबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया । उल्लेखनीय है कि देवास पुलिस द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के तहत 1 जनवरी 2025 से आज दिनांक तक 20,70,994/- रूपये की कुल 2891.12 लीटर अवैध शराब,05 चार पहिया वाहन टवेरा,स्कोडा,स्विफ्ट कार,बोलेरो कीमत 22 लाख रुपये एवं दो पहिया वाहन एक्टिवा, मोटरसाईकल, एच एफ डिलक्स) कीमत 3,97,000 रुपये की जप्त की गई।

### कमलापुर में हुआ विकास खंड कार्यक्रम आयोजित

**चापडा।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कमलापुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के गांव से आदिवासी समाज के लोग आदिवासी वेशभूषा में सजसंवर कर बागली पहुंचे। इस दौरान अलग-अलग टोलियों के रूप में आदिवासी गीतों पर झूमते हुए समाज के लोग बागली में एकत्रित हुए। जहां पर सभा आयोजित कर विश्व आदिवासी दिवस के बारे में मंच पर उपस्थित वरिष्ठ जनों द्वारा समाज के लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस दौरान बागली नगर में भव्य आदिवासी समाज के लोगों द्वारा जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में बैंड ,डीजे और आदिवासी गीतों पर झूमते गाते हुए सम्मिलित हुए। इस दौरान नप अध्यक्ष सीमा कमल यादव,नप परिषद प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव व्दारा थाना चौराहा पर एवं नगर जगह-जगह पर आदिवासी समाज का स्वागत भी किया गया।



### ब्रह्म बंधुत्व द्वारा श्रावणी उपाकर्म का आयोजन संपन्न

**देवास।** यज्ञोपवीत धारको के सबसे बड़े पर्व श्रावणी उपाकर्म का आयोजन संस्था ब्रह्म बंधुत्व बीएनपी देवास द्वारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष घनश्याम पंडित, महासचिव राज कुमार शर्मा व वरिष्ठ समंवयक रूपराम मिश्रा, चन्द्र शेखर दुबे ,मधुसूदन शर्मा ने बताया कि ज्ञात अज्ञात दोषों के निवारणार्थ एवं उनके शास्त्रोंक्त विधि से प्रायश्चित हेतु श्रावणी उपाकर्म प्रत्येक यज्ञोपवीत धारक के लिए आवश्यक है। श्रावणी उपाकर्म का आयोजन संस्था ब्रह्म बंधुत्व द्वारा रक्षा बंधन पर्व पर मानस भवन, शिव मंदिर पर विद्वान आचार्य पंडित अवधेश शास्त्री, पंडित गजेंद्र केष्टवाल और पंडित हेमंत शर्मा के आचार्यत्व में संपन्न हुआ, जिसमें जाने अनजाने दोषों का प्रायश्चित एवं निवारण, परंपरागत एवं शास्त्रोक्त विधि से होता है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष अटारिया की अध्यक्षता में पंचायत उन्नति सूचकांक का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला पंचायत अध्यक्षत लीला अटारिया की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI 1.0) वर्ष 2022-23 का विमोचन एवं प्रचार-प्रसार के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन में हुआ। कार्यशाला में पंचायत एवं जिला विकास सूचकांक के 9 विषयों पर जिले की अलग-अलग ग्राम पंचायतों का चयन किया गया। जिसमें सशक्त पंचायत सतत विकास की अवधारणा के साथ पंचायतों को सशक्त बनाने, उनके कामकाज को पारदर्शी और कुशल बनाने के किए गए कार्य के आधार पर जिले की ग्राम पंचायत को पंचायत विकास सूचकांक (PAI 1.0) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली जिले की ग्राम पंचायत मुंडलादांगी को प्रथम पुरस्कार राशि रुपए 11000, ग्राम पंचायत खेड़ामाधोपुर को द्वितीय पुरस्कार राशि रुपए 7100, ग्राम पंचायत भीलखेड़ी को तृतीय पुरस्कार राशि रुपए 5100 तथा शेष 07 ग्राम पंचायतों बाबई, कराड़िया, मुंडलादेव, ननासा, जिरवाय, टोंककला एवं चौबाराजागीर को राशि रुपए 2100 एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही अन्य 10 चयनित ग्राम पंचायत संवरसी, रतनखेड़ी, जमोनिया, कुमारियाराव, पांदा, जामगोद, आगरोद, बालोन, बरखेड़ा कायम, खेड़ाराजपुरा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए एवं सभी का टीएमपी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि आप लोग अपने-अपने क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक संकेतकों का उपयोग करके पंचायतों के विकास कार्य करें, ताकि अन्य पंचायतें आपसे प्रेरणा लेकर अपनी पंचायतों को बेहतर बना सकें।

उन्होंने कहा कि यह महज सम्मान नहीं बल्कि एक उदाहरण और चुनौती भी है जिससे बाकी पंचायतों को अपनी कमियों को पहचानकर सुधार की दिशा में प्रयास करना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान डीपीएम आरजीएस जिला पंचायत देवास वीरेंद्र लौवंशी एवं संकाय सदस्य ईटीसी उज्जैन अरविंद सोनगरा ने सूचकांक की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से साझा की। उन्होंने बताया कि पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI 1.0) स्थानीय समुदायों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह 9 प्रमुख विषयों के आधार पर पंचायतों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है। इन विषयों को सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे विकास अधिक प्रासंगिक और सार्थक बनता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 के प्रदर्शन के आधार पर जिले की 20 श्रेष्ठ पंचायतों को आज इस कार्यशाला में सम्मानित किया जा रहा है।इस अवसर पर जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी संजय कुमार पाटिल, शशांक भार्गव, समस्त जनपद सीईओ, लाइन विभाग के अधिकारी, जिला पंचायत सदस्यगण, समस्त टीम, पुरस्कृत पंचायत के सरपंच एसचिव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रबंधक एनआरएलएम पंकजसिंह ठाकुर ने किया।

# शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



भाई बहन के अटूट स्नेह और पवित्र रिश्ते के कारण संस्कृति का सबसे सुंदर पर्व रक्षाबंधन शनिवार को उत्साह पूर्वक मनाया गया। हर वर्ष की तरह सावन पूर्णिमा पर बहिनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी के रूप में रक्षा सूत्र बांधकर भाई के दीर्घायु होने की कामना की। परम्परा का निर्वहन करते हुए भाइयों ने अपनी बहिनों को उपहार भेंटकर जीवन भर रक्षा का संकल्प लिया।

रक्षा बंधन को लेकर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह दिखाई दिया। बहिन-भाई के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर हर घर में उत्साह देखने को मिला। भाई की कलाई पर प्रेम का सूत्र बांधने के लिए बहनें आतुर दिखाई दी तो भाइयों ने खुशी-खुशी राखी बंधवाई। बहनें सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय कर भाई को राखी बांधने मायके पहुंची तो भाइयों ने भी बहनों के घर पहुंचने पर स्वागत किया। इससे पहले रक्षा बंधन को लेकर घरों में विशेष तैयारियां की गई थीं।

राखी का त्यौहार मनाने से पहले परम्परा के अनुसार लोगों स्नान कर पूजा के लिए मंदिर पहुंचे। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर जन्म-जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान भाइयों ने अपनी बहिनों को उपहार भेंट किए। सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों में देखने को मिला।

### गणेश मंदिर पर चल रही रामायण पाठ की हुई पूर्णाहूति

**देवास।** श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर राजाराम नगर में श्रावण माह में चल रही राम कथा रामायण पाठ की पूर्णाहूति आज की गई। पूरा माह समिति सदस्य बाबूलाल पवार द्वारा संपूर्ण अर्थ सहित संगीतमय रामायण पाठ किया गया तथा हर दोहे के पश्चात सुखद वर्षा की कामना की गई। समिति सदस्य अशोक कुमार चौधरी, राजेन्द्र राठौर, मोहनसिंह रघुवंशी, बी.एस. खत्री, पं. सत्येन्द्र शर्मा, अशोक झाला, जैनारायण उपाध्याय, बी.एल.व्यास, ओमप्रकाश माहेश्वरी, करणसिंह दरबार, संतोष विजयवर्गीय, मुकेश जैन, ऋषभ जैन, दीपेश मुकाती, कमलेश पटेल, रोहित मुकाती, हर्षवर्धन वर्मा, अजय पंवार, सचिन जैन, बिट्टू जैन, रोहित चौधरी, मोहित शर्मा, रवि गोस्वामी सुभाष परमार का महीने भर तक सहयोग प्राप्त हुआ। आभार अंकित सोनी ने माना।

# महिला से छेड़छाड़ के शक में अधेड़ का किया अर्द्ध मुंडन और पिटाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के पीपलरांवा थाना की बालोंन चौकी अंतर्गत अधेड़ के साथ मारपीट और उसके सिर और मूंछ के बाल काटने का मामला सामने आया है। मारने वाले उसे शाजापुर से देवास लाए थे। जहां उसे महिला से छेड़छाड़ के शक में लाठियों से पीटा और बाल काट दिए गए। जिले शाजापुर के सुंदरसी थाना पुलिस ने लसूलड़िया निवासी पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।घटना 7 अगस्त की बताई जा रही है। शाजापुर में रहने वाले अधेड़ को आरोपी बोलेरो से देवास के पीपलरावा गांव लेकर पहुंचे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अधेड़ को छुड़ाया गया। पुलिस उसे टोंकखुर्द अस्पताल लेकर पहुंची। जहां से उसे देवास रेफर कर दिया।पीड़ित का कहना है कि उसके साथ बेवजह मारपीट की गई है। आरोपियों को संदेह था कि मैं उनकी पत्नी को भगा ले गया था। जबकि महिला खुद कहीं बाहर चली गई थी। पीड़ित के बेटे ने बताया कि चार माह पहले भी उनके पिता पर ऐसे ही आरोप लगे थे। तब महिला गुजरात काम करने चली गई थी। महिला का ससुराल सेडू में है। पीड़ित का ससुराल भी सेडू है, जहां वे खेती करने आते हैं।मामले में बालोन चौकी प्रभारी कमल नरवरे ने बताया कि 7 तारीख को हमें सूचना मिली थी एक व्यक्ति के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं। हमने व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। इस मामले में शाजापुर में अपराध दर्ज हुआ है। महिला के परिजनों को आशंका है कि यह व्यक्ति महिला से बात करता है।

### देश की आजादी माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में हुई बैठक

# बैठक में आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा कर दिए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



देश की आजादी के माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में भाजपा ने बैठक आयोजित की।आगामी दिनों में होने वाली तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा फहराओ अभियान, कुशाभाऊ ठाकरे जयंती, अटल बिहारी वाजपाई श्रद्धांजलि कार्यकम तथा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस जैसे महत्व पुर्ण कार्यक्रमों को मनाने बाबा भंवरनाथ मण्डल सोनकच्छ विधानसभा के नगर भौंरासा के सरस्वती शिशु मंदिर में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा कर दायित्व कार्यकर्ताओ दायित्व दिए गए। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौतमसिंह राजपूत, मनोहर जाधव, मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र मोडरिया एवं जनपद सदस्य डॉ. केलवा रहे।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती,श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरुआत की गई। कार्यकम की शुरुआत में मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र मोडरिया द्वारा एक पेड़ मां के नाम व विभाजन विभीषिका के बारे में बताया गया। 14 अगस्त को होने वाले विभीषिका कार्यक्रम के बारे में बताया कि मण्डल स्तर पर मौन जुलुस, मशाल यात्रा या संगोष्ठी कर जनता को देश के विभाजन में कांग्रेस की भूमिका बताना हैं।

जिला उपाध्यक्ष मनोहर जाधव द्वारा बताया गया कि पेड़ हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है एक पेड़ मां के नाम का पौधा रोपण कार्यक्रम की शुरुआत में सभी बुथ स्तर पर पौधा रोपण करेंगे। 16 अगस्त को होने वाले कुशाभाऊ ठाकरे जयंती व अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि कार्यक्रम भी मण्डल के हर बूथ पर मनाना हैं।बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष गौतमसिंह राजपूत द्वारा तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा अभियान के बारे में बताया गया। राजपूत ने कहा कि कार्यकर्ता जब हर घर पर तिरंगा लगाए तब तिंरगे का अपमान न हो। तिरंगा यात्रा निकालने के लिए सभी बूथ अध्यक्ष से आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक वाहन लाकर सावधानी के साथ यात्रा का आयोजन किया जाए। तिरंगा यात्रा मण्डल के संयोजक अश्विन जायसवाल ने बताया कि यात्रा 13 अगस्त को जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव एवं क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश सोनकर के नेतृत्व मे नगर भौरासा के गड़ी हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्ग से होती हुई आजाद चौक, गोया वार्ड क्रमांक 14, सेवा बस्ती वार्ड क्रमांक 15, छिपा पुरा, अयोध्या बस्ती वार्ड क्रमांक 8,कुमावत मोहल्ला, माली मोहल्ला होती हुई नरसिंह मंदिर, ठाकुर मोहल्ला, अन्नपुर्णा चौक से बाबा भंवरनाथ मंदिर पर आमसभा के साथ समाप्त होगी।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा,अनिल चावडा, संजय यादव, सोनकच्छ से सचिन बघेल,मुकेश कुमावत, यशवंत पटेल, भीम यादव, देवी सिंह गुर्जर, प्रमोद पालीवाल, दशरथ धाकड, कैलाश यादव,नरेंद्र माली,कमल यादव,हर्षित मेहता, मौसम माली, मन्नान खान आदि बड़ी सख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से किसान की मौत

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिंदवाहा निवासी 58 वर्षीय कमल कुमार नायक पुत्र सीताराम नायक शुक्रवार की देर शाम खेत पर गया हुआ था, जब वह बोर की मोटर चलाने लगा, उसी दौरान उसे करंट लगा गया। पिता की चीख सुनकर वहां मौजूद पुत्रदौरान पुत्र भी बाल-बाल बच गया। पिता को करंट लगने के बाद बचाने पहुंचा उसके पुत्र मयंक ने प्रयास किया, लेकिन वह उसे बचा नहीं सका। किसी प्रकार पुत्र बैंक ने पिता को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया जहाज के समय मुस्लिम मृत्यु घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक किसान के एक पुत्र व पुत्री है वह खेती किसानी करके परिवार का पालन पोषण कर रहा था।

### झपट्टा मारकर मंगलसूत्र व पेंडिल ले गए

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम कुरौरा निवासी चन्द्रभान साहू पुत्र गोपीलाल साहू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते गुरूवार को वह मोहल्ला पिसनारी निवासी संध्या पत्नी संजय साहू के साथ मोटर साइकिल से ग्राम कुरौरा वापस आ रहा था। समोगर से कुरौरा जाने वाले मार्ग पर समोगर तालाब के सामने दो लोग एक काली मोटर साइकिल से पीछे आ रहे थे, जिन्होंने अपना चेहरा ढ़का हुआ था। दोनों ने बाइक के पास आकर साथ बैठी पत्नी संध्या के गले से सोने का मंगलसूत्र व सोने की पुतरिया को झपट्टा मारकर छीन कर भाग गये। पीड़ित ने इस घटना को अंजाम देने वालों में समोगर निवासी भरत परिहार के होने का संदेह व्यक्त किया है। पुलिस ने चन्द्रभान साहू की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### भारी बारिश से बांधो में जल की आवक

**ललितपुर ।** शहजाद नदी पर बने गोविंद सागर बाँध के क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा के कारण जल भराव अधिक हो गया है जल का आवक अधिक होने के कारण बाँध के 12 गेटों को 4 - 4 फीट रात्रि में खोले जायेगे। जिससे लगभग 5784 क्यूसेक पानी की निकासी होगी। पानी रपटा से नीचे रहेगा। ' क्षेत्रवासियों नदी भराव होने से किनारे से दूर रहें।

### बच्चों के बाहर खेलने को लेकर मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर।** रजवारा गांव में रहने वाले रविन्द्र रैकवार पुत्र बसन्त ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि शुक्रवार को शाम करीब 7 बजे वह अपने घर पर था। तभी गांव के आकाश पुत्र जगदीश, लक्ष्मी पुत्री जगदीश, कमला पत्नी जगदीश व मीना एकराय होकर आये और उसके बच्चों को बाहर खेलने को लेकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर मारपीट कर दी। बचाव करने आयी उसकी पत्नी जयकुंवर व पुत्री स्वाति के साथ भी मारपीट कर दी। इस हमले में उसकी पतनी व पुत्री को चोटें आयीं। आरोप है कि उक्त लोगों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। इस घटना को पुष्पेन्द्र पुत्र कैलाश व बबी पुत्री बबलू के अलावा अन्य लोगों ने भी देखा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### समस्याओं को विधायक तक पहुंचाना होगा सुगम

**टीकमगढ़।** विधानसभा क्षेत्र खरगापुर-47 की विधायक चंदा-सुरेंद्र सिंह गौर ने अधिकृत पत्र जारी कर अमर सिंह राजपूत निवासी अंतरार को जनपद पंचायत पलेरा के अंतर्गत विधायक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया है। विधायक चंदा सिंह गौर द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि अमर सिंह राजपूत अब पलेरा जनपद पंचायत से जुड़े शासकीय कार्यों, बैठकों और कार्यक्रमों में विधायक का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस संबंध में शासकीय विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित बैठकों में आमंत्रण के अनुसार उन्हें सम्मिलित करें और आवश्यक सहयोग प्रदान करें। इस नियुक्ति के साथ ही अमर सिंह राजपूत अब क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों की जानकारी सीधे विधायक तक पहुंचाएंगे तथा उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

---

रक्षा बंधन पर्व पर परिवहन बसों में निशुल्क यात्राओं से बहनों की चेहरे पर छाई खुशी

# रक्षाबंधन पर्व की रही धूम, बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र







हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपु

रक्षाबंधन त्योहार को लेकर सनातनी घरों में भारी उत्साह त्योहार को लेकर सनातनी घरों में उत्साह का वातावरण रहा है । उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बहनों के लिए परिवहन बसों में फ्री व्यवस्था से उत्साह लग गए बहनों ने योगी आदित्यनाथ जी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को शुभकामनाएं प्रदान की ऐसे धार्मिक माहौल को उनके स्नेह से बहनों को भाई उसके पास पहुंचने में सहजता और सरलता से राखी बांधने घरों पर पहुंची बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर तिलक किया और उनको मिष्ठान खिलाकर उनकी दीर्घायु की कामना की। वहीं मंदिरों में भी श्रावणी पर्व मनाया गया भक्तों ने भगवान एवं गुरु को रक्षा सूत्र समर्पित कर श्रावणी मनाया और उनका पूजन किया। योगी सरकार ने रक्षाबंधन पर पर बहनों के लिए सरकारी वसों में फ्री यात्रा की सुविधा प्रदान की है उधर जिला कारागार में जेल प्रशासन द्वारा रक्षाबंधन पर पर बहनों के लिए विशेष इंतजाम किए गए बहनों ने जेल पहुंचकर जेल में बंद भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर,पर्व को मनाया। मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ रही। त्योहार के मध्य नजर पुलिस व्यवस्था की चाल चौकबंद रही ।



### त्योहार पर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण कर सुरक्षा-व्यवस्था का लिया जायजा

*ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक द्वारा रक्षाबन्धन त्योहार के अवसर पर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत, थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजार आदि जगहों पर सुरक्षा -व्यवस्था का जायजा लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को चैक कर सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये । व्यापारी,जनप्रतिनिधियों व आमजन मानस से संवाद कर त्योहार में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु उन्हें सुरक्षा-व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी कर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया गया तत्पश्चात थाना कोतवाली ललितपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान थाना*

---

नेहरू महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत दिवस मनाया

# संस्कृत सनातन धर्म की जननी, भारतीय संस्कृति की आत्मा है : ओमप्रकाश शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

संस्कृत भारती एवं संस्कृत विभाग नेहरू महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत भवन सभागार में विश्व संस्कृत दिवस धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर संस्कृत के विद्वानों शिक्षकों ने मां सरस्वती और आदि शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण वैदिक यज्ञ एवं पूजन के पश्चात आयोजित संगोष्ठी में संस्कृत भाषा व साहित्य के प्रचार प्रसार करते रहने का संकल्प लिया।

प्राचार्य प्रो डॉ ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि संसार की अनेक प्राचीन सभ्यताएं धूल धूसरित हो चुकी हैं किंतु संस्कृत भाषा की वजह से भारतीय संस्कृति आज भी अपने स्थान पर अविचल खड़ी है, सारे संसार में भारतीय संस्कृति की अजेय पताका फहरा रही है इसका श्रेय संस्कृत भाषा और उसके साहित्य पर जाता है उन्होंने कहा कि भारत के पास विश्व को संजीवनी देने वाली संस्कृत भाषा है , संस्कृत विशुद्ध वैज्ञानिक भाषा है जिसमें ज्योतिष वास्तु योग धर्मदर्शन विज्ञान का भंडार भरा हुआ है आज पश्चिमी देश भी संस्कृत साहित्य में छिपे ज्ञान को प्राप्त करने के लिए प्रयास रत हैं उन्होंने विद्यार्थियों से संस्कृत भाषा को सीख कर इसमें छिपे जीवन और प्रकृति के रहस्यों को जानने की अपील की।विद्यार्थी परिषद् के विभाग प्रमुख डॉ दीपक पाठक ने कहा कि संस्कृत भाषा में विज्ञान शिल्प प्राविधिक विषयों का भी समावेश है । संस्कृत भारती जनपद अध्यक्ष डॉ जनक किशोरी शर्मा ने कहा कि आधुनिक गणित के हजारों सूत्र वैदिक गणित के अल्प सूत्रों में सन्निहित हैं

### संस्कृत साहित्य हमारे इतिहास पुराण संस्कृति सभ्यता धर्म कर्म आचरण और व्यवहार

संस्कृत विद्वानडॉ हृदय नारायण उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत साहित्य हमारे इतिहास पुराण संस्कृति सभ्यता धर्म कर्म आचरण और व्यवहार ,भारत वासियों को एक सूत्र में बांधे रहता है।विमर्श की प्रान्तीय वक्ता डॉ प्रीति सीरौटिया ने कहा कि संस्कृत का अध्ययन करने से किसी एक भाषा का नहीं अपितु संपूर्ण संस्कृति का अध्ययन है उन्होंने कहा कि संस्कृत में निबद्ध आयुर्वेद आज भी विश्व को चमत्कृत करता है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के महामंत्री डॉक्टर सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत संसार की सबसे प्राचीनतम एवं समृद्ध भाषा है इसका विशाल साहित्य भंडार है इसमें आध्यात्मिक ज्ञान का कोश छिपा हुआ है इतिहास विद् डॉ रामकुमार रिछारिया ने कहा कि उपनिषद पुराण महाभारत गीता जैसे महान ग्रंथ संस्कृत भाषा में लिखे गए हैं एकमात्र संस्कृत भाषा संपूर्ण भारतवासियों को एकता के सूत्र में बांधे रहता है आज संस्कृत भाषा में दिए गए भौतिक एवं आध्यात्मिक उपदेश उपदेशों की समाज को आवश्यकता है। प्रोआशा साहू प्रो अनिल सूर्यवंशी हिमांश धर द्विवेदी डॉ दीपक पाठक डॉ शैलेंद्र सिंह चौहान डॉ रामकुमार रिछारिया डॉ सुधा कर उपाध्याय डॉ विनीत अग्निहोत्री डॉ विनोद कुमार डॉ अरिमर्दन सिंह डॉ राजीव निरंजन डॉ ओपी चौधरी डॉ संजीव कुमार डॉ जितेंद्र राजपूत डॉ अनूप दीक्षित डॉ पराग कुमार राहुल पस्तोर डॉ रिचाराज सक्सेना डॉ कवितापैजवार डॉ सुभाष जैन डॉ रेनू चंदेल डॉ रजनी चौबे डॉ जगत कौशिक डॉ लक्ष्मीकांत मिश्रा डॉ अवनीश त्रिपाठी डॉ सत्यदेव डॉ बलराम द्विवेदी श्वेता आनन्द आदि मौजूद थे।

---

स्थानीय लोगों में आक्रोश

# देर रात नशे में युवक की नाली में गिरकर मौत

अब लोगों में रोष है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है। पुलिस और आबकारी विभाग की जिमेदारी भी मानी जानी चाहिए।

**ललितपुर।** जिले में अवैध तरीके से शराब की खुली बिक्री पर पुलिस और आबकारी विभाग पर सवाल उठ रहे हैं। स्टेशन स्थित देसी शराब की दुकान के पास देर रात एक युवक की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,



युवक ने शराब पीने के बाद संतुलन खो दिया और दुकान के बगल में खुली नाली में गिर गया, जहां उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस दुकान पर चौबीसों घंटे शराब बिकती है, जबकि अवैध व ओवरटाइम बिक्री की सैकड़ों शिकायतें पहले भी प्रशासन तक पहुंचाई जा चुकी हैं। बावजूद इसके न तो कार्रवाई हुई, न ही नियंत्रण। स्थानीय निवासियों ने इस घटना को प्रशासन की सीधी लापरवाही बताते हुए कहा कि यदि समय रहते अवैध तरीके से शराब की बिक्री और खुले में नालियों की स्थिति पर रोक लगाई जाती, तो एक नौजवान की जान बच सकती थी । अब लोगों में रोष है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है। स्थानीय जनता की मांग है मरने वाले मौत का करण अगर शराब है तो पुलिस और आबकारी विभाग की जिमेदारी भी मानी जानी चाहिए अवैध व ओवरटाइम शराब बिक्री पर तुरंत रोक, लापरवाह अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही, शराब दुकान के आसपास सफाई और सुरक्षा व्यवस्था, यह घटना न केवल अवैध शराब के कारोबार की भयावह सच्चाई उजागर करती है, बल्कि प्रशासन की उदासीनता पर भी सवाल खड़े करती है।

---

# 148 साल की रजिस्ट्री सेवा होगी इतिहास 1 सितंबर से स्पीड पोस्ट में होगा विलय

## कोर्ट-सरकारी पत्राचार से लेकर नौकरी-पदोन्नति तक होती थी खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय डाक विभाग की 148 साल पुरानी रजिस्ट्री सेवा 1 सितंबर 2025 से इतिहास बन जाएगी। विभाग ने इसे स्पीड पोस्ट सेवा में मर्ज करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही रजिस्टर्ड पोस्ट शब्द अब सरकारी, न्यायिक, वित्तीय और शैक्षणिक दस्तावेजों में अलग से दर्ज नहीं होगा। 1877 में ब्रिटिश शासनकाल में वीपीपी और पार्सल सेवा के साथ शुरू हुई रजिस्ट्री, दशकों तक सरकारी पत्राचार, कोर्ट समन, बैंक नोटिस, बीमा दस्तावेज और शैक्षणिक प्रमाणपत्र सुरक्षित पहुंचाने का भरोसेमंद माध्यम रही। इसकी रसीद एक कानूनी प्रमाण मानी जाती थी, जिसे अदालत, बैंक या सरकारी संस्थानों में सबूत के रूप में पेश किया जा सकता था। रजिस्ट्री का भारतीय सामाजिक जीवन में भी गहरा असर रहा-कभी यह नौकरी का जॉइनिंग लेटर लेकर आती थी,




तो कभी कोर्ट का समन या टैक्स नोटिस। गांव-कस्बों में सेना में चयन या सरकारी नौकरी की सूचना मिलने पर डाकिये को बख्शीश दी जाती थी। मोबाइल और इंटरनेट से पहले, डाकिये की साइकिल की घंटी और लोगों का सवाल- ओ डाकिया बाबू! रजिस्ट्री आई क्या?-एक आम दृश्य था। डाक विभाग के अनुसार, तेज और आधुनिक स्पीड पोस्ट सेवाओं के चलते रजिस्ट्री को अलग सेवा के रूप में जारी रखना व्यावहारिक नहीं है।

---

### जिला कांग्रेस मनाएगी मप्र कांग्रेस के महासचिव गुड्डू राजा का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला कार्यालय मे जिला अध्यक्ष दयाराम श्रीवास की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई जिस मे आगामी 11 अगस्त को मध्य प्रदेश कांग्रेस के महा सचिव व जन जन के लोक प्रिय नेता गुड्डू राजा के जन्मदिन पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ता सम्लित होकर गुड्डु राजा का जन्मदिन हर्ष लोल्लाश मनाने का निर्णय लिया गया बैठक में स्वतंत्रता दिवस की भी रुपरेखा बनाई गई बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष राम नरेश दुबे ने किया अंत मे जिला कांग्रेस कमेटी की तरफ से सभी जनपद वासियो को रक्षा वंधन शुभकामनायें दी गई बैठक में महिला जिलाध्यक्ष नेहा तिवारी जिला महामंत्री शशीकांत दिक्षित राकेश रजक, हरी बाबू शर्मा, मोहन सिंह चंदेल ,मुहम्मद इमरान , असलम, राम सिंह यादव, मुकेश रजक, नीरज पाराशर, कुलदीप पाठक,मोनू सतवासा सीताराम राय, संदीप धौलपुरिया, रामदास,सन्दीप बबेले, महेन्द्र राजा,मोनू खान, पुष्पेंद्र राजा, बबलू, शिवम् राजा,यादव, गजेंद्र सिंह, दर्याव सिंह बुंदेला, अमन साहू आदि उपस्थित थे।

---

# 13 को भव्यता से मनाई जाएगी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला राठौर समाज की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में आगामी 13 अगस्त को वीर शिरोमणि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के 387वें जन्मोत्सव पर एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन झांसी रोड स्थित अम्बेड़कर पार्क के पीछे स्थित एक मैरिज गार्डन में किया जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के जीवन से जुड़े कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला जायेगा। वहीं समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं व समाज के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले सजातीय बंधुओं को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत मौजूद होंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, भाजपा नगराध्यक्ष भगवत सिंह राठौर भी मौजूद रहेंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव बबेले सप्पू द्वारा की जायेगी। बैठक में कंछेदीलाल राठौर, मनोज राठौर, अरविन्द राठौर, अशोक राठौर, विनोद राठौर मुनीम, रविशंकर राठौर, चन्द्रशेखर राठौर, राजकुमार राठौर, अमरसिंह राठौर, सुन्दर सिंह राठौर, फूलचंद्र राठौर, रामबाबू राठौर, अनिल राठौर, बनवारीलाल राठौर, भगवत नारायण, वृन्दावन लाल, कैलाश नारायण, रमेशकुमार, सुरेन्द्र कुमार राठौर, रामसिंह राठौर, नरेन्द्र राठौर, आकाश सिंह राठौर, इंजी.अरविन्द राठौर, पार्षद जितेन्द्र राठौर, सोनू सिंह राठौर, संतोष राठौर, रवि राठौर, राजीव राठौर, उमाशंकर राठौर, मनोज राठौर, रमेशचंद्र राठौर, शिवशंकर राठौर, सुरेन्द्र राठौर, रज्जूलाल राठौर के अलावा अनेकों सजातीय बंधु मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण राठौर शिब्बू पत्रकार ने दी है।

---

गाली-गलौज कर धमकाया

# उधारी के रुपए वापस मांगने पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम करमरा में रहने वाले छोटू अहिरवार पुत्र वंशीलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते गुरूवार को उसका बड़ा भाई पुष्पेन्द्र अहिरवार किसी कार्य को लेकर गांव के अजय सिंह राजपूत की दुकान से पैसा निकाल रहा था। इसी बीच पड़ोस में रहने वाला मिलन पुत्र कमतू राजपूत आया और उसके भाई से 2 हजार रुपये मांगने लगा और अगले दिन रुपये वापस करने की बात पर उसके भाई ने दो हजार रुपये दे दिये। बताया कि 8 अगस्त को जब उसके भाई ने मिलन से रुपये वापस मांगे तो उसने भाई के साथ गालियां देते हुये जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। आरोप है कि मिलन कुल्हाड़ी उठाकर पुष्पेन्द्र पर तीन-चार प्रहार कर दिये, जिससे पुष्पेन्द्र की पीठ व हाथ पर फ्रैक्चर हो गया और फोन भी तोड़ दिया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### बच्चों के बाहर खेलने को लेकर मारपीट कर धमकाया

**रजवारा** गांव में रहने वाले रविन्द्र रैकवार पुत्र बसन्त ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि शुक्रवार को शाम करीब 7 बजे वह अपने घर पर था। तभी गांव के आकाश पुत्र जगदीश, लक्ष्मी पुत्री जगदीश, कमला पत्नी जगदीश व मीना एकराय होकर आये और उसके बच्चों को बाहर खेलने को लेकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर मारपीट कर दी। बचाव करने आयी उसकी पत्नी जयकुंवर व पुत्री स्वाति के साथ भी मारपीट कर दी। इस हमले में उसकी पतनी व पुत्री को चोटें आयीं। आरोप है कि उक्त लोगों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। इस घटना को पुष्पेन्द्र पुत्र कैलाश व बबी पुत्री बबलू के अलावा अन्य लोगों ने भी देखा। पुलिस ने पीड़ित विवेचना शुरू कर दी।

---

वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का हुआ आयोजन

# शिविर में लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

### ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित कर लोगों को करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़ावरा (ललितपुर)



जिले के कस्बा मड़ावरा में भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों द्वारा वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का आयोजन किया। मुख्य अतिथि रामबाबू तिवारी रहे, जबकि अध्यक्षता एसबीआई बैंक प्रबंधक संतोष कुमार ने की। यह आयोजन एसबीआई बुदनी द्वारा आयोजित किया गया। वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और लोगों को वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने के लिए किया गया। इस अभियान के तहत लोगों को बैंक खाते खोलने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जिससे वे वित्तीय सेवाओं का लाभ उठा सके। साथ ही अधिकारियों द्वारा लोगों को वित्तीय साक्षरता प्रदान हेतु जागरूक किया गया, जिससे वे अपने वित्तीय निर्णयों को सूचित तरीके से ले सकें। सहायक महाप्रबंधक आंचलिक कार्यालय झांसी अजय दीक्षित देवास द्वारा प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना, अटल पेंशन योजना का सभी लाभ उठाये और अन्य सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही लोगों को विभिन्न वित्तीय सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। कहा कि सीएम युवा योजना के लाभ लेने की बात कही।उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत स्तर पर जाकर शिविर आयोजित कर लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा ही सभी बैंक सीएसपी बैंक मित्र अधिक से अधिक लोगों के बैंक खाते खोलने एवं ग्राहकों के बीमा करने की बात कही। बैंक कर्मियों से कहा कि अगर किसी ग्राहक की कोई समस्या हैं, तो उसका समाधान करें। यह वित्तीय समाबेशन अभियान 1 जुलाई से शुरू है नवम्बर तक लगातार चलेगा। मुख्य प्रबंधक वित्तीय समाबेशन आंचलिक कार्यालय झांसी प्रदीप हयारन द्वारा डिजिटल भुगतान को लेकन लोगों को डिजिटल भुगतान के बारे में जानकारी प्रदान की। शाखा प्रबंधक संतोष कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और बैंक शाखाओं में विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की और ग्राहकों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। एसबीआई के अधिकारियों एवं शाखा प्रबंधक संतोष कुमार ने मुख्य अतिथि रामबाबू तिवारी को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। सीएसपी द्वारा शानदार प्रदर्शन करने पर भानू राजा, राघवेन्द्र आदि को सम्मानित किया। मु.जाकिर मंसूरी को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। बैंक प्रबंधक मड़ावरा संतोष कुमार ने आभार जताया।

## जिला न्यायालय में बाल संप्रेक्षण गृह के बालकों की निर्मित राखियों की लगी स्टॉल

# नवाचारों से बालकों में स्वावलंबन व नए कार्यों को सीखने की रूचि बढ़ती है: जिला न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना द्वारा किशोर न्याय बोर्ड के साथ समन्वय स्थापित कर जिला न्यायालय परिसर में बाल संप्रेक्षण गृह मे रहने वाले बालकों द्वारा बनाई गई राखियों की प्रदर्शनी लगाई गई।

उक्त प्रदर्शनी का भ्रमण करते हुए अमिताभ मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह के बालकों द्वारा हाथों से बनाई गई राखियों की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि बाल संप्रेक्षण गृह मे निवासरत बालकों को इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाना एक नया नवाचार है।

इन नवाचारों से ही बालकों में स्वावलंबन एवं नये कार्यों को सीखने के प्रति रूचि बढती है। भविष्य में भी ऐसे बालकों को स्वरोजगार हेतु इस प्रकार के प्रशिक्षण दिये जाने चाहिए।



उक्त अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अन्य न्यायाधीशगण ने बालकों द्वारा निर्मित राखियों को क्रय किया गया एवं उक्त राखियों को बसेरा वृद्धाश्रम गुना में, जिला जेल मे निरूद्ध बंदियों को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना के माध्यम से भेजी गई।

इसके साथ ही अन्य न्यायिक परिवार, अधिवक्तागण, पक्षकारगण से भी उक्त राखियों को क्रय करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर सर्वेश चतुर्वेदी जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना, प्राधिकरण के कर्मचारीगण, अधिवक्तागण आदि लोग उपस्थित थे।

## गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती

# करंट लगने से विद्युत के पोल से गिरा आउटसोर्स बिजली कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏩जीरापुर

नगर में बुधवार रात को एक आउटसोर्स बिजली कर्मचारी चालु लाइन में बिजली पोल पर चढ़ कर लाइट सुधारने का काम कर रहा था इस दौरान करंट लगने से वह बिजली पोल से नीचे गिर गया जिससे उसके सिर में चैट लगने से गंभीर घायल हो गया। जिसे साथी कर्मचारी अन्य लोगों की मदद से तुरंत स्थानीय सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट होने से डाक्टर ने उसे बाहर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार विधुत विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बीरम पिता जगदीश गुर्जर उम्र 32 साल निवासी नर्मदेश्वर कॉलोनी नगर की चूड़ी गली में बिजली बंद होने की शिकायत पर उसे ठीक करने के लिए वहां लगे बिजली पोल पर चढ़कर सुधार कार्य कर रहा था, बिजली कर्मचारी द्वारा लाइन चालू अवस्था में ही सुधार कार्य किया जा रहा था इस दौरान करंट लगने से वह पोल से नीचे आ गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया लोगों की मदद से उसे सिविल अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चैट होने से उसे बाहर रेफर किया। इस घटना को लोगों द्वारा विभाग की लापरवाही से जोड़कर देखा जा रहा है।

### आर्थिक मदद के लिए आगे आए विभागीय अधिकारी कर्मचारी

गंभीर घायल बिजली कर्मचारी बीरम गुर्जर को झालावाड़ से इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जिसका इलाज चल रहा है ऐसे में विभागीय अधिकारी कर्मचारीयों ने राशि एकत्रित कर आर्थिक मदद की गई जो एक सराहनीय कदम है।

**उपचार जारी है**

आउटसोर्स कर्मचारी बीरम गुर्जर इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसका उपचार इंदौर के एक निजी अस्पताल में जारी है, उसको बेहतर इलाज मिले अभी उसी में लगे हुए हैं, घटना क्यों और कैसे हुई यह जांच में ही स्पष्ट हो पाएगा।

**करण संत**
जेई, विद्युत विभाग जीरापुर

### जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता हुई आयोजित

**खुजनेर।** जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 4 अगस्त से 5 अगस्त के मध्य ब्यावरा पी.जी.कॉलेज में हुआ जिसमें राजगढ़ ब्लॉक के अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर के कक्षा 12 वीं के छात्र हर्षित शर्मा का चयन संभाग स्तर पर हुआ जो कि भोपाल में 10 सितम्बर से 14 सितम्बर के मध्य खेली जाएगी हर्षित की सफलता पर डी.एस.ओ. जिला खेल अधिकारी महेन्द्र जी परमार एवं उनके स्कूल के प्राचार्य मनोहर जायसवाल, कन्हैया लाल दांगी, मनोज कुमार शर्मा, राम प्रसाद वर्मा, बृजेश कुमार शर्मा, खेल शिक्षक इंद्रनारायण श्रीवास आदि स्कूल स्टाफ ने छात्र को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### पांच दिवसीय गीता ज्ञान विश्व गीता प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित

**छापीहेड़।** सनातन धर्म को सार्थक रूप मिलता है जब जब गाथा कथाओं के माध्यम से अर्जित की जाती है विश्व गीता प्रतिष्ठानम द्वारा आयोजित पंच दिवसीय गीता ज्ञान महोत्सव में कथा श्रवण करने हेतु भक्तों का ताता लग जाता है मध्य भारत प्रांत के प्रांत कार्यवाह हेमंत जी सेठिया ने कथा वाचक आदरणीय रमेश जी कोठारी शिवपुरी का भव्य स्वागत अभिनंदन कर व्यास पीठ की सार्थक पूजा अर्चना कर कथा श्रवण का भरपूर आनंद प्राप्त किया कथा श्रवण पश्चात गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता का ज्ञान कलजयी है 5125 वर्ष पूर्व गीता कही गई गीता के एक-एक श्लोक आज भी प्रासंगिक एवं जीवन जीने की कल सिखाती है कथा श्रवण करने वालों को हेमंत जी सेठिया द्वारा 100 गीता की पुस्तक भेंट की गई कथा उपरांत आरती भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल जी रजक की और से संपन्न हुई कथा श्रवण करने आए अतिथि को गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा गीता भेंट की गई गीता स्वाध्याय मंडल का लक्ष्य है की नगर क्षेत्र के एक-एक घर-घर गीता पहुंचे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा संस्कार एकेडमी




**पचोर।** हर्ष का विषय है कि संस्कार एकेडमी, पचोर ने सागर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान हमारी टीम ने भोपाल को 12 अंको, उज्जैन 30 अंकों और सागर 37 अंकों के अंतर से हराया संस्कार एकेडमी पचोर ने मध्य प्रदेश के भिन्न भिन्न स्कूलों मजबूत टीमों को हराकर अपनी प्रतिभा और मेहनत का लोहा मनवाया। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, टीमवर्क और उच्च स्तरीय खेल भावना का परिचय दिया। पचोर लौटने पर संस्था के चेयरमेन दीपक गोयल, उपाध्यक्षा रमा शर्मा, सचिव दिनेश गोयल,कोषाध्यक्ष पंकज गोयल, डायरेक्टर सीमा गोयल, डायरेक्टर विवेक शर्मा, प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा, समन्वयक इरशाद अहमद, कंवलप्रीत सिसोदिया, आधार ब्लॉक भ्व्क रियांशी गोयल ने सभी खिलाडियों को बधाईयाँ दीं। टीम कोच सत्यनारायण शर्मा, हंसराज गुर्जर को भी बधाइयां दीं। संस्कार परिवार की ओर से सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

## फर्नीचर व्यापारियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**सुठालिया।** शुक्रवार को अवैध सागौन की लकड़ी आने पर व्यापारी हुए लामबंद्ध सभी व्यापारियों ने मिलकर निर्णय लिया गया है कि सुठालिया में जो अवैध सागौन की लकड़ी आ रही है उसको रोका जाए जिससे कि एक नंबर में डिपो का माल खरीद के सभी व्यापारी व्यापार कर सकें और एक नंबर का माल डिपो से और सभी व्यापारी एक नंबर ं काम कर सके एवं अपने परिवार का पालन पोषण कर सके एवं जो लोग बेरोजगार हुए हैं उनका रोजगार मिल सके सभी मिस्त्रियों को रोजगार मिल सके सागवान व्यापारियों ने लिया बड़ा फैसला सभी व्यापारियों ने मिलकर थान प्रभारी को दिया ज्ञापन थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने कहा लकड़ी सुठालिया आती है हमें सुचना दो सभी व्यापारी मिलकर उच्च अधिकारी को सूचना देकर लकड़ी पकड़ाई जाएगी और प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई का दिया गया आश्वासन।

# रिश्तों को शर्मसार करने वाले जीजा को अंतिम सांस तक आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

रिश्तों को शर्मसार करने वाले आरोपी जीजा को न्यायालय ने अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सहायक मीडिया प्रभारी मयंक भारद्वाज एडीपीओ राघौगढ़ द्वारा बताया गया कि 8/12/2022 को पीड़िता की मां के द्वारा दी गई मौखिक सूचना के आधार पर इस आशय की देहाती नालसी लेखबद्ध की। 4/12/2022 को दोपहर 2:00 बजे फरियादी का बड़ा दामाद अभियुक्त, फरियादी के घर आया और बोला कि अभियोक्त्री की तबीयत ठीक नहीं है इसलिए वह उसको डॉक्टर के पास दिखाने ले जा रहा है यह कहकर अभियुक्त अभियोक्त्री को अपने साथ ले गया। 1 घंटे बाद अभियुक्त का फरियादी के पास फोन आया की अभियोक्त्री की तबीयत ज्यादा खराब हो गई है तुम गुना के सरकारी अस्पताल आ जाओ। फरियादी गुना के सरकारी अस्पताल पहुंची तो अभियुक्त अभियोक्त्री को गेट के पास छोड़कर भाग गया फिर वह अभियोक्त्री के पास गई तब तक वह बेहोश हो गई थी फरियादी उसे अंदर लेकर गई डॉक्टर को दिखाया तब डॉक्टर मैडम ने उसे बताया की अभियोक्त्री चार माह की गर्भवती है और उसे बच्चा गिराने की दवाई दी गई थी बच्चे का शरीर दवा को झेल नहीं पाया और उसका खून चालू हो गया है उसकी अभी डिलीवरी करनी पड़ेगी और डॉक्टर मैडम ने उसकी डिलीवरी कराई लेकिन अभियोक्त्री की तबीयत ज्यादा खराब होकर होश न आने से ग्वालियर कमला राजा अस्पताल गायनिक वार्ड रेफर किया गया। अभियोक्त्री को उक्त अस्पताल में भर्ती कराया था। अभियोक्त्री को दिनांक 8/12/2022 तक कोई होश नहीं आया। प्रकरण का अपराध पुलिस थाना कैंट में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं दौरान विवेचना में सत्य पाया गया।

## लाडली बहनों को सौगात देने आए मुख्यमंत्री के सफल कार्यक्रम पर विधायक ने जताया आभार



**नरसिंहगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नरसिंहगढ़ दौरे और लाडली बहनों को सौगात देने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम की सफलता पर नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर सभी का आभार व्यक्त किया। विधायक शर्मा ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस प्रशासन, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और पूरे विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में पहुंची लाडली बहनों व नागरिकों का अभिनंदन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर लाडली बहना योजना की राशि अंतरित करने नरसिंहगढ़ पहुंचे थे। इस दौरान कृषि उपज मंडी परिसर में भव्य समारोह का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री ने शहर में रोड शो कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया और क्षेत्र की कई विशेष मांगों को भी स्वीकृति प्रदान की।

## सेंटमैरी कॉलेज में हुई एनसीसी कैडेट्स की भर्ती

**विदिशा।** सेंट मैरी कॉलेज में एनसीसी कैडेट की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में हुई। प्रथम चरण में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का शारीरिक परीक्षण किया गया। इसके बाद लिखित परीक्षा आयोजित की। कार्यक्रम में एनसीसी से संबंधित सामान्य ज्ञान का परीक्षण करने के बाद तृतीय चरण में साक्षात्कार हुआ। जिसमें विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक तथा एनसीसी में आने का उद्देश्य का परीक्षण किया गया। इन तीनों परीक्षणों में चयनित विद्यार्थियों का ही अंतिम चयन हुआ। जिसमें लगभग 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 48 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ।



## भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

**नरसिंहगढ़।** आगामी 12 और 13 अगस्त को निकलने वाली तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में विधायक मोहन शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से जी-जान से जुटकर यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।विधायक ने बताया कि तिरंगा यात्रा छह मंडलों में निकलेगी, जिसके लिए सभी मंडलों के प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देशभक्ति और जनजागरण का प्रतीक होगी, जिसमें अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे और यात्रा को भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया।

## राज्य मंत्री टेटवाल ने 65 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कर किया पौधा रोपण



**सारंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुलावता में शुक्रवार को निरूशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा 65 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें निर्भीक, समय पर एवं नियमित शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि यह योजना बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल करने, आत्मनिर्भर बनने और भविष्य में देश-प्रदेश का नाम रोशन करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, मंडल अध्यक्ष पाड़ल्यामाता गिरवर भंडारी,महेश पुष्पद,विनोद पाटीदार,शेखर शर्मा,रघुराज सिंह सोलंकी सहित विद्यालय के शिक्षकगण, ग्राम के वरिष्ठजन, भाजपा कार्यकर्ता, आस-पास की ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बेतवांचल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के मेगा कैंपस प्लेसमेंट में 105 छात्रों ने पहला चरण पार किया

हरिभूमि न्यूज ⏩विदिशा

बेतवांचल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स में एक मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें देश की कई प्रमुख मल्टीनेशनल कंपनियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर जोमाटो, एक्सेस बैंक, मंत्रा, स्रा लिमिटेड, ब्लैंकिट, एसबीआई जनरल, हिमालया और और फोंटे जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां उपस्थित रहीं। इस मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। जिनमें से 105 विद्यार्थियों ने पहले चरण के साक्षात्कार में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन, डायरेक्टर और प्लेसमेंट सेल के सदस्य भी उपस्थित रहे। प्लेसमेंट ऑफिसर एमआईएसएस तस्लीम और एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर आदित्य यादव संस्थान द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजनों का आयोजन किया जाता है। जिससे उन्हें करियर की दिशा में बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। संस्थान के निदेशक ने बताया कि अगले चरण के इंटरव्यू आगामी सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। छात्रों और अभिभावकों में इस उपलब्धि को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

### सेवानिवृत्त कर्मियों को पीपीओ देकर सम्मानित किया

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल डामोर ने मई व जून माह के पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों को पीपीओ का वितरण किया। स्मृति स्वरूप आम के पौधे व गीता भेंटकर माला पहनाकर सम्मानित किया। इससे पहले सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों ने शासकीय सेवाओं के दरम्यान अपने-अपने अनुभवों को सांझा कर स्मृतियों को यादगार बनाया।

## छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ⏩ब्यावरा

विधानसभा के ग्राम गांगाहोनी के शासकीय हाई सेकेंड्री विद्यालय में दूर दराज से आने वाले कक्षा 6 टी से 9 वी तक के छात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष जगदीश गुर्जर विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि इन्दरसिंह लववंशी जनपद सदस्य रहे। जनपद सदस्य इन्दरसिंह लववंशी इसी विधालय के छात्र रहे उन्होंने अपने संबोधन में सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और विद्यार्थियों को छात्र जीवन नियम और संयम में रहते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करने की बात कही।इस मौके पर सभी अतिथियों का स्वागत विधालय के प्राचार्य महेश शर्मा और विधालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा तिलक माला एवं साफा पहनाकर और गमछा पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में में भाग लेने वाले अतिथि सुठालिया मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सोंधिया ब्यावरा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ग्राम की सरपंच माया देवी मेहर ओम पालीवाल करणसिंह लोधा विष्णु मीणा सरपंच रामलाल सोंधिया शिवनारायण लववंशी देवीसिंह सोंधिया मुकेश मीणा रामस्वरूप लोधा जी ज्वालाप्रसाद लोधा हेमराज मीना गोपाल लववंशी रमेश लववंशी मांगीलाल लववंशी देवलाल मेहर हीरालाल लववंशी हेमराज लववंशी रामलाल लववंशी जगदीश लववंशी भारत सिंह चैहान केवल प्रसाद लववंशी मदनलाल मोगिया संकर लाल सेठजी लक्ष्मीनारायण लववंशी धन्नालाल लववंशी बालूप्रसाद सहित गणमान्य नागरिक और छात्र छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अवाहन पर सभी अतिथियों के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लववंशी फार्म हाउस पर आम बिल्व पत्र पाम निब्बू संतरा अशोक जामफल आदि 11 पौधा का रोपण किया गया और सभी पोधा को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

# बहनों को नहीं मिलेगा कोई तोहफा! खाली हाथों से राखी बंधवाने के लिए मजबूर अतिथि शिक्षक

## ई-अटेंडेंस बनी सिर्फ दिखावा, स्थाई शिक्षकों को मिला वेतन

**ब्यावरा।** आज भाई-बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन है और सभी अपने अपने हिसाब से इस त्यौहार को खुशियों से मनाने की तैयारी कर रहे है जहां बाजार में रक्षाबंधन के लिए उत्साह देखा जा रहा है वहीं अतिथि शिक्षकों में नीरसता और त्यौहार के प्रति फीकापन देखने में मिला जिसका कारण ई-अटेंडेंस है।शिक्षा विभाग ने ई-अटेंडेंस के प्रयोग द्धारा शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक शिक्षा के स्तर में सुधार की जो कोशिश की वह जमीनी स्तर पर सही नहीं उतर पाई। पहले ही महिने में अनियमितताओं के चलते स्थाई शिक्षकों को तो बिना ई-अटेंडेंस के भी वेतन मिल गया वहीं अतिथि शिक्षकों पर वेतन की गाज गिर गई। मई-जून में बैसे ही खाली बैठे हुए थे जैसे तैसे जुलाई में स्कूल जाना शुरू हुआ तो ई-अटेंडेंस के चलते वेतन रूक गई। आज रक्षाबंधन के इस त्यौहार पर जिले भर के हजारों अतिथि शिक्षक अपनी बहनों को उपहार देने के पहले सोचेंगे और सिस्टम को कोसेगें।

### मंदसोर से सुठालिया आकर हुए परेशान

मंदसोर जिले से सुठालिया के कन्या उच्चतर मा विद्यालय में आकर अतिथि शिक्षक का कार्य कर रहे बाबूलाल मेहर बताते है कि बेरोजगारी की मार से परेशान होकर मैने राजगढ आकर भी काम करना पसंद किया परंतु पहले ही महिने में वेतन न मिलने से मुझे परेशानियों का सामना करना पढ रहा है। किराए से लेकर राशन पानी और फिर यह त्यौहार। विभाग को हम लोगों की भी चिंता करना चाहिए।इसी तरह की परेशानियों से जूझते मिले विपिन मिश्रा और राजेश पालीवाल।



## सारंगपुर में आरएएफ का फ्लैग मार्च शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश

**सारंगपुर।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को 107 रैपिड एक्शन फोर्स आरएएफ भोपाल की टीम ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च 107 ट।था के कमांडेंट जगदीश प्रसाद बलाई के निर्देशन में तथा सहायक कमांडेंट प्रभांशु प्रभाकर के नेतृत्व में किया गया। परिचय एवं अभ्यास के उद्देश्य से निकाले गए इस फ्लैग मार्च में सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा एवं पुलिस टीम भी शामिल रही। टीम ने नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर आमजन को शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान नागरिकों को आश्वस्त किया गया कि पुलिस एवं आरएएफ दल सदैव उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर हैं, और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सुरक्षा के लिहाज से सराहनीय कदम बताया।